एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work® Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXV

संस्करण : जनवरी - मार्च 2025



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# गणतंत्र दिवस 2025
















@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# निगम मुख्यालय

## एनएचपीसी ने 76वां गणतंत्र दिवस मनाया




एनएचपीसी ने 26 जनवरी 2025 को अपने सभी लोकेशनों पर बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भारत का 76वाँ गणतंत्र दिवस मनाया। निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) सहित एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

अपने संबोधन के दौरान श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी ने पूरे एनएचपीसी परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बोलते हुए श्री चौधरी ने सभी एनएचपीसी कर्मचारियों से पूरी तरह समर्पित रहने, अटूट दृढ़ संकल्प के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन



करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी पांच दशकों से अधिक समय से राष्ट्र की सेवा कर रही है और देश की ऊर्जा सुरक्षा और विकास में योगदान देने में एक उल्लेखनीय यात्रा की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सब हमारे कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि एनएचपीसी इस वर्ष निर्धारित समय में सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना की तीन यूनिट, पार्बती–II जलविद्युत परियोजना, रंगीत–IV जलविद्युत परियोजना और बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना कमिशनिंग के लिए तैयार है।



श्री चौधरी ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश के लिए राजस्थान सरकार और बिहार सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर तथा आंध्र प्रदेश में पीएसपी के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (एएनजीईएल) के गठन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने काल्पी सौर ऊर्जा परियोजना द्वारा 25.01.2025 को अब तक के सबसे अधिक उत्पादन के रिकॉर्ड के लिए बीएसयूएल टीम को भी बधाई दी। इस कार्यक्रम का एनएचपीसी के सभी लोकेशनों पर वेब कास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# एनएचपीसी का 2025 के लिए विजन: विकास, नवाचार और सतत प्रगति का वर्ष




श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी ने 14 जनवरी 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी के लिए वर्ष 2025 के अपने विजन को रेखांकित किया। इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी), श्री संतोष कुमार, सीवीओ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कार्मिक उपस्थित थे। श्री चौधरी ने अपने संबोधन में, इस वर्ष में एनएचपीसी के विकास को गति देने के लिए सामूहिक प्रयास, कौशल विकास और प्रमुख परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के महत्व पर जोर दिया।

श्री आर.के. चौधरी ने अपने संबोधन की शुरुआत नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ की और एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को उनकी निरंतर प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नया वर्ष न केवल पिछली उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने का समय है, बल्कि नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में साहसिक कदम उठाने का अवसर भी है। सीएमडी, एनएचपीसी महोदय ने वर्ष 2025 के लिए एनएचपीसी के प्रमुख लक्ष्यों को साझा किया और





2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (असम/अरुणाचल प्रदेश), 800 मेगावाट पार्बती–II जलविद्युत परियोजना (हिमाचल प्रदेश), 120 मेगावाट रंगीत–IV जलविद्युत परियोजना (सिक्किम) और राजस्थान में 300 मेगावाट सौर परियोजना सहित कई ऐतिहासिक परियोजनाओं के सफल कमीशनिंग पर जोर दिया। इसके साथ ही सीएमडी महोदय ने सभी स्थानों पर एनएचपीसी की टीमों से अपने विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा करने और पूरे वर्ष बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

श्री आर.के. चौधरी ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को सफलता और नए अवसरों से भरपूर एक खुशहाल और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर, श्री राम भारतीय कला केंद्र, नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा 'श्री राम' नामक एक रंगारंग नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम का प्रसारण एनएचपीसी के सभी लोकेशनों पर किया गया।





@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी ने हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया



एनएचपीसी ने पूरे निगम में राजभाषा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से दिनांक 30.01.2025 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक भव्य हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) और श्री संतोष कुमार, सीवीओ तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन के दौरान श्रीमती गायत्री गोयल,




श्रीमती मोना लाल और श्रीमती गरिमा सिंह के साथ एनएचपीसी महिला कल्याण संघ की अन्य सदस्या भी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी ने अपने संबोधन में सभी कवियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी उत्कृष्ट और हृदयस्पर्शी रचनाओं के लिए बधाई दी, जिनकी कविताओं ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा हिंदी सभी को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हमारे दिल और दिमाग में गहराई से समाई हुई है। कवि सम्मेलन के दौरान, डॉ. हरिओम पंवार, श्री अरुण जेमिनी, श्रीमती पद्मिनी शर्मा, डॉ. भुवन मोहिनी, श्री सुदीप भोला, श्री केसर देव मारवाड़ी और श्री राजेश अग्रवाल सहित कवियों ने विभिन्न काव्य रसों पर आधारित तथा देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों पर आधारित काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 17 फरवरी 2025 को जयपुर में मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनएचपीसी के सलाल पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर) को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री राजकुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक तथा श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने श्री भजन लाल, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान एवं श्री नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों से पुरस्कार शील्ड और प्रमाण पत्र ग्रहण किया।

एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नाराकास), रियासी को भी सम्मलेन के दौरान द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को श्री अनीष गौरहा, समूह महाप्रबंधक, पावर स्टेशन प्रमुख, एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने ग्रहण किया। इस सम्मलेन में श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय–जम्मू (जम्मू व कश्मीर), श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय–बनीखेत (हिमाचल प्रदेश) के साथ–साथ एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।




## एनएचपीसी लिमिटेड अब "ग्रेट प्लेस टू वर्क" से प्रमाणित

एनएचपीसी लिमिटेड, को ग्रेट प्लेस टू वर्क, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित "ग्रेट प्लेस टू वर्क" से प्रमाणित करते हुए सम्मानित किया गया है, जो कार्यस्थल संस्कृति उत्कृष्टता निर्धारित करने वाला एक प्रशंसित मानक है। यह प्रमाणीकरण एनएचपीसी की अपने कार्मिकों के लिए विश्वास, सम्मान, गरिमा, समावेशिता, मान्यता और प्रशंसा पर अधिक जोर देने वाली संस्कृति के पोषण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनएचपीसी ने भौगोलिक क्षेत्रों, भाषाओं, संस्कृति, स्थानीय परंपराओं, जाति, धर्म आदि के संदर्भ में अनेक चुनौतियों और विविधताओं के बावजूद, कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करने तथा राष्ट्र की सेवा गौरव और सम्मान के साथ करने के उद्देश्य से एकजुट होकर, अत्यधिक सकारात्मकता से कार्मिकों का अनुभव प्राप्त किया है। इस सर्वेक्षण में 91% से अधिक कार्मिकों ने भाग लिया जो उपरोक्त कथन की पुष्टि भी करता है।

यह प्रमाणीकरण सुदृढ़ और प्रभावी "ग्रेट प्लेस टू वर्क" मॉडल पर आधारित है, जिसमें कार्मिकों के फीडबैक के माध्यम से गहन आंकलन सम्मिलित है। संगठनात्मक संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए एनएचपीसी की




कार्यषैलियों पर उचित ध्यान देते हुए 05 विभिन्न स्तंभों अर्थात् विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गौरव और सौहार्द को सम्मिलित किया गया है।

यह प्रमाणीकरण एनएचपीसी को उन प्रतिष्ठित संगठनों में शामिल करता है जो कार्मिक सहभागिता, समृद्धि और उनके अनुभवों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कार्यस्थल संस्कृति में उत्कृष्टता लाने के लिए अग्रसर हैं।

## "उभरते खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप स्कीम" के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

एनएचपीसी "उभरते खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप स्कीम" के अंतर्गत 16 खेलों नामतः फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, शूटिंग, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा स्पोर्ट्स के लिए पात्र आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रही है। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य 14–19 वर्ष (पैरा स्पोर्ट्स के लिए 14–24 वर्ष) की आयु के होनहार युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान खिलाड़ियों का एक टैलेंट पूल तैयार करना है।

उपर्युक्त 16 खेलों में अधिकतम 32 स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने का प्रावधान है। अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदनों पर दो श्रेणियों अर्थात "एलीट स्कॉलर" और "स्कॉलर" में स्कॉलरशिप के लिए विचार किया जाएगा। यह स्कॉलरशिप तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी। "एलीट स्कॉलर्स" को पहले वर्ष 12,000 रुपए प्रति माह, दूसरे वर्ष 13,000 रुपए प्रति माह और तीसरे वर्ष 14,000 रुपए प्रति माह की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। "स्कॉलर्स" को पहले वर्ष 9,000 रुपए प्रति माह, दूसरे वर्ष 10,000 रुपए प्रति माह और तीसरे वर्ष 11,000 रुपए प्रति माह की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस स्कॉलरशिप स्कीम के अंतर्गत कुछ अन्य लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। स्कॉलरशिप स्कीम से संबंधित विवरण एनएचपीसी की वेबसाइट www.nhpcindia.com के "कैरियर" कार्नर पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मार्च 2025 है। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। कोई हार्ड कॉपी या ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## एनएचपीसी द्वारा वसंत उत्सव 2025 का आयोजन



एनएचपीसी, भारत की 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी द्वारा 08 मार्च 2025 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, सूरजकुंड, फरीदाबाद में 'वसंत उत्सव 2025' का आयोजन बड़े धूम–धाम के साथ किया गया जिसका उद्घाटन श्रीमती भानु भारती, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला कल्याण समिति के कर कमलों द्वारा किया गया। एनएचपीसी द्वारा वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने और भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से वसंत उत्सव मनाया जाता है।

श्री आर. के. चौधरी, सीएमडी एनएचपीसी ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वसंत उत्सव 2025 की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा कहा कि वसंत केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई आशाओं और नई संभावनाओं का संदेश लेकर आता है। उन्होंने आगे कहा कि आज का यह दिन इसलिए और भी खास है क्योंकि आज हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी मना रहे हैं। इस शुभ अवसर पर उन्होंने ने कहा "मैं नारी शक्ति को नमन करता हूँ और सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। महिलाएँ न



केवल परिवार की आधारशिला हैं, बल्कि समाज, राष्ट्र और समग्र मानवता की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।" अपने सम्बोधन में श्री चौधरी ने एनएचपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों के जीवन संघर्षों और उनकी उपलब्धियों को दर्शाती पुस्तिका "हौसलों की उड़ान" का विमोचन श्री आर. के. चौधरी, सीएमडी एनएचपीसी महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी), एनएचपीसी तथा एनएचपीसी महिला कल्याण समिति की सदस्याओं श्रीमती गायत्री गोयल, श्रीमती मोना लाल तथा श्रीमती गरिमा सिंह भी उपस्थित थीं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध लोक गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर तथा उनके साथी कलाकार थे जिनकी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस उत्सव में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, असम आदि जैसे विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से स्थानीय हस्तशिल्प, पोशाक सामग्री, खाद्य व्यंजनों, कठपुतली शो आदि को बढ़ावा देने वाले कई स्टाल एनएचपीसी पावर स्टेशनों/परियोजनाएं/क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्थापित किए गए थे।

## एनएचपीसी द्वारा 'ज्ञानांकन - द बिजनेस क्विज' का आयोजन

एनएचपीसी ने संगठनात्मक विकास पहल के एक भाग के रूप में 'ज्ञानांकन – द बिजनेस क्विज' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कार्मिकों को नवीनतम व्यावसायिक शब्दावली, समसामयिक मामलों और वैश्विक स्तर पर हो रही अन्य प्रगति के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करना और साथ ही कार्मिकों की नवोन्वेषी क्षमता और रचनात्मकता को जागृत करना है। 'ज्ञानांकन' – बिजनेस क्विज़ के पहले संस्करण को एनएचपीसी के सभी विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों के



कार्मिकों से अत्यधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। क्विज़ के प्रारंभिक चरण में देश भर में एनएचपीसी के विभिन्न कार्य स्थलों से भागीदारी हुई ।

सेमी–फ़ाइनल और ग्रैंड फ़िनाले राउंड का आयोजन निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद के जल तरंग सभागार में 18 मार्च 2025 को किया गया। इस ग्रैंड फिनाले के मुख्य अतिथि श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी थे। ग्रैंड फिनाले में बिजनेस और कारपोरेट वर्ल्ड और सामान्य ज्ञान के विषयों पर छह टीमों के बीच विलक्षण प्रश्नोत्तरी के रोमांचक दौर शामिल थे, जिससे सभी दर्शक बहुत रोमांचित हुए। एनएचपीसी सेवा–II पावर स्टेशन (जम्मू एवं कश्मीर) से श्री अब्दुल



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

हादी, प्रबंधक (विद्युत) और श्री दीपक, उप प्रबंधक (यांत्रिकी) की टीम 'ज्ञानांकन–द बिजनेस क्विज' की विजेता रही। एनएचपीसी धौलीगंगा पावर स्टेशन (उत्तराखंड) से श्री सिद्धि विनायक, महाप्रबंधक (सिविल) एनएचपीसी ने संगठनात्मक विकास पहल के एक भाग के रूप में 'ज्ञानांकन – द बिजनेस क्विज' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कार्मिकों को नवीनतम व्यावसायिक शब्दावली, समसामयिक मामलों और वैश्विक स्तर पर हो रही अन्य प्रगति के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करना और साथ ही कार्मिकों की नवोन्वेषी क्षमता और रचनात्मकता को जागृत करना है। 'ज्ञानांकन' – बिजनेस क्विज़ के पहले संस्करण को एनएचपीसी के सभी विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों के कार्मिकों से अत्यधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। क्विज़ के प्रारंभिक चरण में देश भर में एनएचपीसी के विभिन्न कार्य स्थलों से भागीदारी हुई ।

सेमी–फ़ाइनल और ग्रैंड फ़िनाले राउंड का आयोजन निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद के जल तरंग सभागार में 18 मार्च 2025 को किया गया। इस ग्रैंड फिनाले के मुख्य अतिथि श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी थे। ग्रैंड फिनाले में बिजनेस और कारपोरेट वर्ल्ड और सामान्य ज्ञान के विषयों पर छह टीमों के बीच विलक्षण प्रश्नोत्तरी के रोमांचक दौर शामिल थे, जिससे सभी दर्शक बहुत रोमांचित हुए। एनएचपीसी सेवा–II पावर स्टेशन (जम्मू एवं कश्मीर) से श्री अब्दुल हादी, प्रबंधक (विद्युत) और श्री दीपक, उप प्रबंधक (यांत्रिकी) की टीम 'ज्ञानांकन–द बिजनेस क्विज' की विजेता रही। एनएचपीसी धौलीगंगा पावर स्टेशन (उत्तराखंड) से श्री सिद्धि विनायक, महाप्रबंधक (सिविल) तथा सेवा–II पावर स्टेशन (जम्मू एवं कश्मीर) से श्री सी विनोद, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) की टीम दूसरे स्थान पर रही। एनएचपीसी लोकतक पावर स्टेशन (मणीपुर) से श्री टी. मारकोनी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई टी) तथा श्री अजय आचार्य, प्रबंधक (विद्युत) की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस क्विज का संचालन सुप्रसिद्ध क्विज मास्टर श्री एस. पी. एस. जग्गी, पूर्व निदेशक (पी ॲंड ए), एस सी आई तथा श्री दीपक तनेजा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (सीसी), इंडियन ऑयल

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और 94.2 मेगावाट टनकपुर पावर स्टेशन (उत्तराखंड) सीबीआईपी अवाड्र्स से सम्मानित

श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी (भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम) को जल संसाधन, विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रतिष्ठित 'सीबीआईपी इंडीविजुअल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, सीबीआईपी व अध्यक्ष, सीईए द्वारा श्री आर. के. चौधरी को 21 मार्च 2025 को नई दिल्ली में सीबीआईपी (केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड) स्थापना दिवस समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी), एनएचपीसी, श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक (ओएंडएम), एनएचपीसी तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

श्री चौधरी ने बीआईटी सिंदरी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है और उन्होंने एडवांस डिप्लोमा इन मैनेजमेंट भी किया है। श्री चौधरी के पास जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक और परियोजनाओं के विकास के सभी पहलुओं में 36 वर्षों से अधिक का समृद्ध और व्यापक अनुभव है। उन्होंने भारत और भूटान में जलविद्युत के विकास में उल्लेखनीय कार्य




करते हुए विशेष रूप से कलपोंग जलविद्युत परियोजना में योगदान दिया है। इस परियोजना को दूरस्थ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में निर्धारित समय से 16 माह पहले चालू किया गया था। उन्होंने तीस्ता–V (510 मेगावाट) और मांगदेछू (720 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं के चालू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विशेषज्ञ सदस्य के रूप में भूटान में 1020 मेगावाट ताला जलविद्युत परियोजना की हेड रेस टनल की मरम्मत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी के 94.2 मेगावाट टनकपुर पावर स्टेशन (उत्तराखंड) को "सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली जलविद्युत परियोजना" के लिए सीबीआईपी अवॉर्ड 2024 से भी सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार टनकपुर पावर स्टेशन में एनएचपीसी टीम के अथक प्रयासों, प्रचालन उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। यह पुरस्कार परियोजना द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश के विद्युत उत्पादन में योगदान देने तथा जलविद्युत क्षेत्र में प्रचालन दक्षता के लिए एक मानक स्थापित करने की प्रशंसा करता है। श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी के साथ श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी)

एनएचपीसी, श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक (ओएंडएम), एनएचपीसी, श्री ऋषि रंजन आर्य, एचओपी, एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, सीबीआईपी व अध्यक्ष, सीईए से यह पुरस्कार प्राप्त किया।




## एनएचपीसी, 2024-25 के लिए सीआईआई एचआर उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित



भारत सरकार की नवरत्न उद्यम, एनएचपीसी को 2024–25 के लिए सीआईआई एचआर उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मानव संसाधन उत्कृष्टता के प्रति एनएचपीसी की मजबूत प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 27 मार्च 2025 को मुंबई में आयोजित 15वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार कॉन्फ्लुएंस 2024–25 के दौरान यह अवार्ड प्राप्त किया। यह अवार्ड उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित एचआर पुरस्कारों में से एक है, जो एनएचपीसी एचआर प्रक्रियाओं और प्रथाओं को बहुत महत्व और मान्यता देता है।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने "प्रतिभा विकसित करने में बूस्टर डोज के लिए प्रौद्योगिकी के साथ सीखने का मिश्रण" विषय पर पैनल चर्चा में पैनलिस्ट के रूप में भी कॉन्फ्लुएंस की शोभा बढ़ाई, जिसमें उन्होंने एक अत्यधिक इंटरैक्टिव सत्र में अपने दृष्टिकोण और अनुभव साझा किए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर श्री अतुल भार्गव, उप महाप्रबंधक (मा.सं), एनएचपीसी को एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए 'मूल्यांकनकर्ता' के रूप में सीआईआई के साथ उनके सहयोग के लिए सीआईआई द्वारा सम्मानित भी किया गया।




## एनएचपीसी कार्मिक 'बेस्ट विमेन इंप्लाई (एक्जक्यूटिव) अवार्ड' के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित



विमेन इन पब्लिक सैक्टर (विप्स) के फोरम की 35वीं राष्ट्रीय बैठक में कार्यपालक श्रेणी में 'बेस्ट विमेन इंप्लाई (एक्ज्क्यूटिव) अवार्ड' के अंतर्गत श्रीमती भावना, उप प्रबंधक (विधि), एनएचपीसी को 'द्वितीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। दिनांक 17 फरवरी 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में स्कोप के तत्वावधान में आयोजित विमेन इन पब्लिक सैक्टर (विप्स) के फोरम की 35वीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान श्री अतुल सोबती, महानिदेशक, स्कोप (स्टैंडिंग कान्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज़) द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रीमती भावना को एनएचपीसी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। विप्स के फोरम की 35वीं राष्ट्रीय बैठक की थीम 'क्रिएट योर ओन सनशाइन' थी। इस बैठक का उद्देश्य भारत के सार्वजनिक उपक्रमों में उत्कृष्ट महिलाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना था।

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक (निदेशक), क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) तथा कार्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रेक्षागृह में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

इसके उपरांत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रेक्षागृह में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जीवन तथा भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में नेताजी के योगदान पर आधारित एक वृतचित्र (डॉक्युमेंट्री) को भी दिखाया गया ।



## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2025 का आयोजन ।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 08 मार्च 2025 को #Accelerate Action की थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान वैश्विक स्तर पर सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण, लैंगिक समानता प्राप्त करने और महिलाओं तथा लड़कियों को




सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में पदस्थ सभी महिला कार्मिकों को संबोधित किया तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा कि आज हर क्षेत्र के विकास में महिलाएं अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं तथा यह दिन उन महिलाओं को समर्पित है जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करती हैं। कार्यपालक निदेशक महोदय नें एनएचपीसी लिमिटेड के अब तक के स्वर्णिम सफर के दौरान महिला कार्मिकों के योगदान को सराहा तथा कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड की तरक्की में महिला कार्मिकों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें अंतर सीपीएसयू खेल प्रतियोगिताओं (ब्रिज तथा एथलेटिक्स) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में पदस्थ श्रीमती सीमा शर्मा, वरिष्ठ पीआरटी तथा श्रीमती कंचना देवी, वैज्ञानिक सहायक को भी सम्मानित किया तथा खेल के क्षेत्र में एनएचपीसी का नाम रोशन करने में उनके योगदान के लिए बधाई दी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में पदस्थ महिला कार्मिकों नें कविताओं व भाषण के माध्यम से महिला जीवन के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला तथा आज के युग में महिलाओं के संघर्षों, समाज में उनकी विभिन्न भूमिकाओं तथा समाज के विकास में महिलाओं के योगदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंत में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय नें कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की महिला कार्मिकों को प्रेरणादायक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी द्वारा एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में काव्य संगोष्ठी का आयोजन

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी द्वारा हिंदी के प्रचार–प्रसार व हिंदीमय वातावरण बनाने तथा हिंदी में लेखन व पठन की प्रतिभा वाले कार्मिकों को संयुक्त मंच प्रदान करने के मद्देनजर दिनांक 07.03.2025 को नराकास, डलहौजी के अध्यक्षीय कार्यालय एनएचपीसी क्षेत्रीय



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी द्वारा हिंदी के प्रचार–प्रसार व हिंदीमय वातावरण बनाने तथा हिंदी में लेखन व पठन की प्रतिभा वाले कार्मिकों को संयुक्त मंच प्रदान करने के मद्देनजर दिनांक 07.03.2025 को नराकास, डलहौजी के अध्यक्षीय कार्यालय एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में नराकास के सदस्य कार्यालयों के लिए काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस काव्य संगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास, डलहौजी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत, श्री उमेश कुमार नंद, समूह महाप्रबंधक, चमेरा-II पावर स्टेशन, श्री राजिल व्यास, समूह महाप्रबंधक, चमेरा.III पावर स्टेशन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कवियों ने भी दीप प्रज्ज्वलित किया।
काव्य संगोष्ठी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी के सदस्य कार्यालयों के कवियों ने देश प्रेम, भाषा, सामाजिक और हास्य रस की रचनाओं की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। काव्य संगोष्ठी में श्री परमानन्द, उप महाप्रबंधक (विद्युत), सेवा.II पावर स्टेशन, माश्का, श्री दिवाकर प्रसाद अवधिया, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी), चमेरा.III पावर स्टेशन, करियां, श्री पंकज जैन, उप प्रबंधक (सिविल), चमेरा पावर स्टेशन.I, खैरी, श्री अनूप कुमार, वरिष्ठ पीआरटी, चमेरा.II पावर स्टेशन, करियां, चम्बा, श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मा. सं.), क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत और श्री देश राज, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने काव्य पाठ किया।

काव्य संगोष्ठी में एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों व कार्मिकों ने कवियों की कविताओं का आनंद लिया।

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 26 जनवरी 2025 को देश का 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित समारोह में सर्वप्रथम श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया तथा इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, हिमपेस्को के जवानों तथा संविदा कार्मिकों ने राष्ट्रगान गया।

ध्वजारोहण के उपरांत कार्यपालक निदेशक महोदय ने समारोह में उपस्थित एनएचपीसी के कार्मिकों, हिमपेस्को के जवानों तथा संविदा कार्मिकों को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय ने उपस्थित लोगों को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यपालक निदेशक महोदय ने आगे कहा कि यह दिन भारत के इतिहास के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था और इस दिन भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बना था। तब से हम प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस रूप में मनाते हैं।

कार्यपालक निदेशक महोदय ने सम्बोधन के दौरान बताया कि एनएचपीसी के कर्मठ कार्मिकों के कठिन परिश्रम से बनीखेत क्षेत्र में स्थित एनएचपीसी की बैरा स्यूल, चमेरा-I, चमेरा-II, चमेरा.III तथा सेवा-II पावर स्टेशन से 1371 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है तथा ये पावर स्टेशन विद्युत उत्पादन के साथ–साथ सीएसआर–एसडी योजना के तहत स्थानीय क्षेत्रों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब लोगों के हित के लिए कई विकास के कार्य कर रहे हैं, जिनसे स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।

अंत में कार्यपालक निदेशक महोदय ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, हिमपेसको के जवानों तथा संविदा कार्मिकों को 76वें गणतन्त्र दिवस की पुनः बधाई दी तथा सभी से मेहनत व लग्न के साथ अपना कार्य करके एनएचपीसी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर निगम मुख्यालय से अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा निगम के सम्बोधन को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों द्वारा देखा गया। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II

## एनएचपीसी निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) का पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II का दौरा

एनएचपीसी के श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) ने दिनांक 19.02.2025 से 21.02.2025 तक पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण-II का दौरा किया। दिनांक 19.02.2025 को श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक ने पुष्प गुच्छ देकर व शाल, कुल्लवी टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

दिनांक 20.02.2025 को श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) को परियोजना की सुरक्षा में लगे भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसी के उपरांत निदेशक महोदय ने पार्बती-II परियोजना के पावर हाउस, सिउंड का दौरा कर निरीक्षण किया। पावर हाउस में आयोजित पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उन्होने सैंज परिसर में ही आयोजित



चिकित्सा शिविर का उद्‌घाटन किया जिसमे स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ कार्मिको व संविदा कर्मियों की जांच की गई तथा निशुल्क दवाई भी वितरित की गई। इसी दौरान निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) ने पावर हाउस में स्थानीय लोगों से भी बातचीत की, जिन्होंने सैंज क्षेत्र के विकास में एनएचपीसी द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात नगवाई कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों, मेजर कार्यों के ठेकेदारों के साथ परियोजना पर चल रहे कार्यों के बारे में समीक्षा बैठक की जिसमें परियोजना प्रमुख श्री निर्मल सिंह ने उन्हें परियोजना पर चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी।
दिनांक 21.02.2025 को श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) ने श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक की उपस्थिति में ADIT-I Site HRT एवं डैम का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होने सभी को निर्धारित समय सीमा के अंदर परियोजना के कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
इस दौरे पर उनके साथ निगम मुख्यालय से आए वरिष्ठ अधिकारीगण एवं परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस।

गणतन्त्र दिवस मनाया। श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख ने इस अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। इस दौरान उन्होने परियोजना की सुरक्षा में लगे पूर्व सैनिको द्वारा परेड की सलामी ली। श्री निर्मल सिंह ने सभी कार्मिकों, सुरक्षगार्ड, महिलाओ एवं बच्चों को 76वें गणतन्त्र दिवस पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी । उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान ही भारत की सभी जाति और वर्ग के लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़े रखता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होने कहा कि एनएचपीसी की पार्वती-II जल विद्युत परियोजना राष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख परियोजना है, जो कि निर्माण के अंतिम चरण में है । परियोजना में कार्यरत सभी कर्मचारियों/अधिकारियों के अथक प्रयास के फलस्वरूप यह परियोजना अब शीघ्र ही ब्वउउपेपवदपदह की तरफ अग्रसर है।

गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य पर कार्मिकों के बच्चों व परिवार के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमे देशभक्ति के समूह गान तथा बच्चों व महिलाओं की एकल प्रस्तुति विशेष रही। कार्यपालक निदेशक महोदय ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। अंत में श्री रंजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।






@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सलाल पावर स्टेशन

## एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) के नेतृत्व में एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन, ज्योतिपुरम और मेदंता–दी मेडिसिटी, गुड़गाँव हरयाणा द्वारा दिनांक 04.03.2025 और 05.03.2025 को ज़ोरावर अस्पताल सलाल पावर स्टेशन में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में एनएचपीसी कर्मचारी, एनएचपीसी कर्मचारी आश्रित, एनएचपीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी, एनएचपीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी आश्रित, सी आई एस एफ, सी आर पी एफ और आसपास के इलाकों के लोगों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, और पी एफ टी की जांच की गई।

शिविर के दौरान बातचीत करते हुए श्री अनीष गौरहा, समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) ने कहा कि शिविर का उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और व्याधियों के निदान के लिए व्यापक उपाय किया जाना है न सिर्फ बड़ों, बल्कि बच्चों को भी इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। शिविर में एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन की ओर से डॉ. धीरज शर्मा, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मेदंता–दी मेडिसिटी, गुड़गाँव, हरियाणा की ओर से डॉ. एस. के. तनेजा और डॉ. अरविंद शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित टीम ने मरीजों की जाँच करवाई। शिविर के दौरान कुल 72 मरीजों नें जांच कराई और दवाइयाँ प्राप्त की।

## साई लांजन गांव के लिए सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा निर्मित कंक्रीट सड़क का उद्घाटन।

साई लांजन गांव के लिए एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन की सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत निर्मित कंक्रीट सड़क का उद्घाटन दिनांक 25.03.2025 को सलाल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री अनीश गौरहा, जीजीएम (इलेक्ट्रिकल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री जितेंद्र कुमार जीएम (इलेक्ट्रिकल), श्री सत्यवान जीएम (ई एंड सी),श्री राजीव देवरी डीजीएम (सिविल),श्री संजीव कुमार डीजीएम(मानव संसाधन),सलाल पावर स्टेशन के कई वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि और साई लांजन गांव के निवासी उपस्थित रहे।

साई लांजन गांव, जो सलाल डैम के ठीक अपस्ट्रीम में स्थित है, के निवासियों द्वारा लंबे समय से अपने गांव के लिए संपर्क मार्ग को पक्का करने की मांग की जा रही थी, क्योंकि मौजूदा कच्ची सड़क पूरी तरह से अचलनीय मार्ग थी और गांववासियों को विशेष रूप से बरसात के मौसम में आने–जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गांववासियों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने अपनी सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया। यह 1.80 किलोमीटर लंबी कंक्रीट सड़क साई लांजन गांव के सरकारी हाई स्कूल को निकटतम पीडब्ल्यूडी रोड से जोड़ेगी और इससे गांववासियों को अपने गांव से आसपास के शहरों तक आने–जाने में बहुत लाभ होगा।

सड़क के उद्घाटन के दौरान, श्री अनीश गौरहा ने सलाल पावर स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और भविष्य में भी ऐसे विकास कार्यों को जारी रखने के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी।

इसके साथ ही, साई लांजन गांव में एक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को मुफ्त चिकित्सा जांच और दवाएं प्रदान की गईं।




@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने रियासी जिले में 'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' का शुभारंभ किया



एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और सतत विकास (SD) पहल के तहत रियासी, 22 मार्च 2025 कृ रियासी जिले के गाँव सालून (धनवा) की आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार किशोरियों एवं महिलाओं के लिए 'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इससे पहले, 20 मार्च 2025 को नवाबाद (विजयपुर) और पट्टा, ताली मोरह तलवारा गाँवों में दो सिलाई केंद्रों का उद्घाटन किया गया था।

कार्यक्रम का उद्घाटन सलाल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री अनीष गौरहा, श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान महाप्रबंधक (ई–सी), श्रीमती पूनम झा महाप्रबंधक (विद्युत), श्री राजीव देवरी उप महाप्रबंधक (सिविल), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी रियासी के प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' का उद्देश्य ग्रामीण किशोरियों और महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। यह पहल उन्हें सिलाई जैसे व्यावसायिक कौशल सिखाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करेगी, जिससे वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन भी जी सकेंगी।

इस अवसर पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को रियासी जिले के सामाजिक और आर्थिक विकास में एक अहम योगदान बताया। सलाल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री अनीष गौरहा ने कहा, "यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायता करेगी। एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, और यह कार्यक्रम उसी प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण है।"

यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी, रियासी के प्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे समाज में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकेंगी। यह संयुक्त प्रयास रियासी जिले में सामाजिक बदलाव और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भविष्य में एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण का सपना साकार हो सकेगा।

## एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा सीएसआर एवं एसडी पहल के तहत रियासी जिले में शौचालय निर्माण और "सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम" का शुभारंभ



एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और सतत विकास (SD) पहल के अंतर्गत दिनांक 20 मार्च 2025, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), रियासी में छात्र–छात्राओं के लिए दो नए शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया है। इसके साथ ही, रियासी जिले के गाँव नवाबाद, विजयपुर और पट्टा, ताली मोरह तलवारा की गरीब और बेरोजगार किशोरियों एवं महिलाओं के लिए "सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम" का शुभारंभ किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन सलाल पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (ई–सी) श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (विद्युत) श्रीमती पूनम झा, उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री राजीव देवरी, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी रियासी के प्रतिनिधि, आईटीआई के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

आईटीआई रियासी के छात्र–छात्राओं को लंबे समय से शौचालय सुविधा की कमी का सामना करना पड़ रहा था। एनएचपीसी द्वारा किए गए इस निर्माण से न केवल उनकी यह समस्या दूर होगी, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी, जिससे संस्थान का वातावरण अधिक स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा।

रियासी जिले की गरीब और बेरोजगार किशोरियों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत उन्हें विभिन्न व्यावसायिक और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन महिलाओं और



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

युवतियों को आत्मनिर्भर (self-dependent) बनाना है, ताकि वे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। उद्घाटन के अवसर पर एनएचपीसी के अधिकारियों ने इस पहल को रियासी जिले के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सक्षम बनाएगा, बल्कि स्थानीय समुदाय में रोजगार के नए अवसरों का सृजन भी करेगा।

श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ई–सी) ने कहा, "यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेगी। एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, और



यह कार्यक्रम उसी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।"

यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी, रियासी के प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि वे समाज में सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जी सकेंगी।

यह संयुक्त प्रयास रियासी जिले में सामाजिक बदलाव और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भविष्य में एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

## एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने रियासी जिले में 'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' का शुभारंभ किया।

रियासी, 22 मार्च 2025 — एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और सतत विकास (SD) पहल के तहत रियासी जिले के गाँव सालून (धनवा) की आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार किशोरियों एवं महिलाओं के लिए 'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इससे पहले, 20 मार्च 2025 को नवाबाद (विजयपुर) और पट्टा, ताली मोरह तलवारा गाँवों में दो सिलाई केंद्रों का उद्घाटन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटनः एक महत्वपूर्ण कदम इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन सलाल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री अनीष गौरहा, श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान महाप्रबंधक (ई–सी), श्रीमती पूनम झा महाप्रबंधक (विद्युत), श्री राजीव देवरी उप महाप्रबंधक (सिविल), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी रियासी के प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने की पहल 'सक्षम आजीविका एवं कौशल विकास कार्यक्रम' का उद्देश्य ग्रामीण किशोरियों और महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। यह पहल उन्हें सिलाई जैसे व्यावसायिक कौशल सिखाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करेगी, जिससे वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन भी जी सकेंगी।



सशक्त समाज की ओर एक मजबूत कदम इस अवसर पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को रियासी जिले के सामाजिक और आर्थिक विकास में एक अहम योगदान बताया। सलाल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री अनीष गौरहा ने कहा, "यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायता करेगी। एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, और यह कार्यक्रम उसी प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण है।" यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसाइटी, रियासी के प्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे समाज में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकेंगी। यह संयुक्त प्रयास रियासी जिले में सामाजिक बदलाव और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भविष्य में एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण का सपना साकार हो सकेगा।

# सेवा-II पावर स्टेशन

## एनएचपीसी ,सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा गाँव जिंघराली,ब्लॉक भून्ड में सीएसआर-एसडी योजना के तहत निशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर का आयोजन।

सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 10.02.2025 को इनर व्हील क्लब और जीएमसी कठुआ के सहयोग से गाँव जिंघराली, ब्लॉक भून्ड ,तहसील बसौली जिला कठुआ में वर्ष (2024–25) के अंतर्गत एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत निशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री कल्पतरू नायक, महाप्रबंधक ( विद्युत), श्री सुनील कुमार, ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित्त), डॉक्टर राकेश कुमार चिंतन, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं समस्त क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।




इस शिविर में जीएमसी कठुआ के डॉक्टर अनुराधा, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम के द्वारा नेत्र रोगियों की जाँच की गई। इस निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शिविर के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा सभी लोगों को आँखों की सही देखभाल के महत्व को बताया और लोगों को आँखों की जाँच के लिए प्रेरित किया एवं भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ–साथ एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी स्थानीय सहयोगी आयोजकों व उपस्थित जनसमूह का इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए और इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

इस चिकित्सा शिविर में 240 लोगों की आँखों की जाँच की गई और निशुल्क नेत्र संबंधित औषधि वितरित की गई। इस कैंप में 54 नेत्र मरीजों को चश्मों का पावर निकला एवं 14 मरीजों को मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिये। सभी 54 लोगों को पावर स्टेशन द्वारा चश्मे वितरित किए जायेंगे एवं सभी मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन जीएमसी कठुआ के सहयोग से संभवतः माह मार्च/अप्रैल–2025 में निशुल्क किया जाना है।

## सेवा-II पावर स्टेशन ने दिनांक 26.03.2025 को अग्निशामक वाहन एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी योजना (2024-25) के तहत जिला आयुक्त कठुआ को सौंपा

सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का द्वारा दिनांक 26.03.2025 को डीसी कार्यालय कठुआ में एक अग्निशामक वाहन एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी योजना (2024–25) के तहत श्री धीरज कुमार, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक(सिविल) तथा श्री अशोक कुमार, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (ई और सी) ने डिप्टी कमिश्नर डॉ. राकेश मिन्हास को सौंपा। इस मौके पर श्री धीरज कुमार, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल) ने बताया की स्थानीय सुरक्षा को मजबूत करने और आपातकालीन सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एनएच पीसी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है तथा इससे स्थानीय समुदाय को अधिक सुरक्षा मिलेगी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी।इस कार्यक्रम में चीफ़ प्लानिंग ऑफिसर कठुआ श्री रंजीत ठाकुर भी उपस्थित रहे।

इस समारोह के दौरान, कठुआ के डिप्टी कमिश्नर डॉ. राकेश मिन्हास ने महत्वपूर्ण सामुदायिक जरूरतों से निपटने में प्रशासन और एनएचपीसी सेवा-II की भागीदारी के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के माध्यम से प्राप्त नई फायर टेंडर जो कि अत्याधुनिक अग्निशमन तकनीकों से लैस है, जिले की अग्निशमन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करेगी, जिससे आपात स्थितियों में त्वरित और कुशल प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

अंत में जिला आयुक्त कठुआ ने सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत एनएचपीसी सेवा-II के योगदान के लिए धन्यवाद दिया तथा इस योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों को जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।




@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी की सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरमोटा बनी में दिनांक 22.02.2025 को तीन अतिरिक्त कमरों का भवन निर्माण कर सौपा




शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास को बढ़ावा देते हुए राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरमोटा बनी में तीन अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण कार्य पूरा होने के उपलक्ष्य में एक लोकार्पण समारोह दिनांक 22.02.2025 को आयोजित किया गया। इस कार्य को एनएचपीसी की सीएसआर–एसडी योजना के तहत सेवा–2 पावर स्टेशन द्वारा पूरा किया गया।

लोकार्पण समारोह में माननीय विधायक डॉ. रामेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेवा–2 पावर स्टेशन के प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा एवं माननीय विधायक डॉ. रामेश्वर सिंह ने फीता काटकर कक्षाओं का शुभारंभ किया।समारोह में श्री मदन लाल शर्मा ने कहा कि यह नई कक्षाएँ विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षण सुविधाएँ सुनिश्चित करेंगी और उनकी शिक्षा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेंगी।

माननीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएँ आवश्यक हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय के विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी, सेवा-II द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन।

सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 08.03.2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री कल्पतरू नायक, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सौरभ कुमार ,प्रबन्धक(मानव संसाधन) व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा पावर स्टेशन में तैनात सम्मानित महिलाएं उपस्थित रही। इस अवसर पर श्री कल्पतरू नायक, महाप्रबंधक (विद्युत), ने महिलाओं की भूमिका और योगदान के बारे में अवगत करवाया तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार रखे जिससे महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उन्हें पार करने की रणनीतियों पर चर्चा की।

इस अवसर पर पावर स्टेशन में तैनात विभिन्न भूमिकाओं में कार्यरत महिलाओं ने अपने सुझाव व अनुभव भी साझा किए तथा महिला कर्मचारियों के योगदान को मान्यता देने के लिए श्री कल्पतरू नायक, महाप्रबंधक (विद्युत), द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

## सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 07.02.2025 को भंडार गाँव में एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ।




सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 07.02.2025 को गाँव भंडार के राजकीय उच्च विद्यालय, तहसील बनी जिला कठुआ में (सेवा–II डैम के समीप) वर्ष (2024–25) के अंतर्गत एनएचपीसी सी एस आर एवं एस डी योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्री मदन लाल शर्मा, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर श्री कल्पतरू नायक महाप्रबंधक (विद्युत), डॉक्टर राकेश कुमार चिंतन , ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं समस्त क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

सेवा–II पावर स्टेशन प्रमुख , श्री मदन लाल शर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया कि एनएचपीसी स्थानीय जनता के सामाजिक उत्थान के प्रति दृढ़ संकल्पित है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि दूर–दराज के लोगों को गुणवत्तापूरक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। स्थानीय लोगों ने एनएचपीसी सेवा–II पावर स्टेशन की इस पहल की प्रशंसा की और लाभान्वित होकर आभार जताया। सी एसआर एवं एसडी योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टर राकेश कुमार चिंतन, ग्रुप

वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 310 मरीजों की निशुल्क जांच की गई तथा एनएचपीसी सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया।

## सेवा-II पावर स्टेशन माश्का, ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती मनाई




सेवा–II पावर स्टेशन माश्का में 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की शुरुआत पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा प्रार्थना और पुष्पांजलि से की गई, जिसमें उन्होने नेताजी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्री कल्पतरू नायक महाप्रबंधक,श्री सुनील कुमार ग्रुप उप महाप्रबंधक, श्री परमानंद उप महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे।

तदुपरान्त सभी ने फूल व माला अर्पण कर नेताजी को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात, पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा ने नेताजी के जीवन और उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर चर्चा की। उन्होने उनके संघर्ष, दृढ़ता और नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सेवा–II पावर स्टेशन के सभी कार्मिको के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था" राष्ट्र निर्माण और इसके लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में नागरिकों की भूमिका", जिसमे सभी अधिकारी व कर्मचारीगण ने कविताओं के माध्यम से नेताजी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अंत में ,पावर स्टेशन प्रमुख ने नेताजी के योगदान को याद किया और बताया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि एकता और राष्ट्रीयता की भावना भी मजबूत होती है।

# क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

## एनएचपीसी लिमिटेड एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष) टीम का 14वीं अंतर CPSU टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन

PSCB, MoP के तत्वावधान में 14वीं इंटर CPSU एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट (2024–2025) का आयोजन POWERGRID द्वारा दूती चन्द ऍथलेटिक्स स्टेडियम, भूबनेश्वर, ओड़ीशा में दिनांक 17 जनवरी से 18 जनवरी, 2025 तक किया गया। जिसमे एनएचपीसी की एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष) टीम ने भाग लिया एवं सराहनीय प्रदर्शन किया।

इस टूर्नामेंट में BBMB, REC, PGCIL, MOP, CEA, DVC, SJVN तथा NHPC Ltd को मिलाकर कुल आठ पॉवर सेक्टर की टीमों की महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमे सभी खिलाडियों ने खेल की भावना से खेलते हुए उच्चतम प्रदर्शन किया।

एनएचपीसी लिमिटेड की एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष) टीम के गठन की जिम्मेदारी इस वर्ष क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को दी गई थी, जिसे कार्यपालक निदेशक चंडीगढ़ के सानिध्य में बखूबी निभाया गया। इस अनुक्रम में 14वीं इंटर CPSU एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट (2024–2025) में भाग लेने से पूर्व टीम के खिलाडियों के लिए 4 दिवसीय कंडीशनिंग कैम्प का आयोजन भी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था।

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ श्री निर्मल सिंह ने खिलाडियों को NHPC ध्वज प्रदान कर एनएचपीसी का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहवर्धन किया एवं उच्च प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

तदुपरांत प्रतियोगिता में एनएचपीसी की महिला टीम एवं पुरुष टीम दोनों ने एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंटस में उच्चतम प्रदर्शन कर विभिन्न पदक अपने नाम किये तथा पुरुष टीमों ने 14वीं इंटर CPSU एथलेटिक्स टूर्नामेंट में तृतीय स्थान (2nd Runner up) प्राप्त किया।

इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में NHPC के खिलाडियों ने निम्नुसार पदक जीत कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री आशीष कुमार | स्वर्ण पदक | (Tripple Jump) |
| 2. श्रीमती कंचना देवी | कांस्य पदक | (800 Mtr) |
| 3. श्री आशीष कुमार | स्वर्ण पदक | (High Jump) |
| 4. श्रीमती डॉली सिंह | रजत पदक | (High Jump) |
| 5. श्री अशोक कुमार मीना | कांस्य पदक | (Shotput Throw) |
| 6. श्री आशीष कुमार | स्वर्ण पदक | (Long Jump) |
| 7. श्रीमती डॉली सिंह | कांस्य पदक | (Long Jump) |
| 8. श्री जगदीश चंद जोशी | रजत पदक | (Javelin Throw) |
| 9. श्रीमती अनुराधा | रजत पदक | (Javelin Throw) |
| 10. श्री अशोक कुमार मीना | रजत पदक | (क्पेबने जीतवू) |
| 11. श्रीमती अनुराधा | रजत पदक | (क्पेबने जीतवू) |
| 12. 4x100m (Relay) | महिला वर्ग (रजत पदक) | |

– डॉ पिंकी कुमारी रॉय, श्रीमती डॉली सिंह, श्रीमती संतोष शर्मा, श्रीमती कंचना देवी

## क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ ने नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 53rd Rose Festival में प्रयोजन किया

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने नगर निगम, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 21 से 23 फरवरी, 2025 तक आयोजित 53rd Rose Festival–2025 के दौरान सक्रिय भागीदारी एवं समर्थन दिया। जिसके लिए आयुक्त, नगर निगम श्री अमित कुमार ने एनएचपीसी प्रबंधन की प्रशंसा की एवं सम्मानित किया।

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा Rose Festival हर वर्ष फरवरी माह में मनाया जाता है। रोज़ फेस्टिवल चंडीगढ़ में सबसे प्रिय उत्सवों में से एक है, जो हर साल लाखों आगंतुकों, स्थानीय लोगों एवं निकटतम पर्यटकों को गुलाबों की सुंदरता का जश्न मनाने और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लेने के लिए आकर्षित करता है। Rose Festival न केवल गुलाबों की सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है बल्कि चंडीगढ़ को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध गंतव्य के रूप में भी दर्शाता है। यह प्रकृति, संस्कृति और मनोरंजन का एक अद्भुत मिश्रण प्रदान करता है, जिसके लिए स्थानीय लोग वर्ष भर प्रतीक्षा करते हैं।

तीन दिवसीय प्रसिद्ध 'Rose Festival' के दौरान लाखों स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटक भी आते हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा स्टॉलज़ भी लगाए गए जिन्हे एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित किया गया।

इस संदर्भ में ऊपायुक्त नगर निगम, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 24.02.2025 को कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ का आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रायोजकों को सम्मानित किया।



## निदेशक कार्मिक का रंगित पावर स्टेशन का दौरा




निदेशक (कार्मिक) ने 20–21 मार्च 2025 के दौरान रंगित पावर स्टेशन का दौरा किया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने रंगित पावर स्टेशन और रंगित-IV एच. ई. परियोजना के सभी कार्मिकों के साथ विस्तृत बातचीत की और पावर स्टेशन के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया।

## आइकॉनिक दिवस

एनएचपीसी. स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में, रंगित पावर स्टेशन ने 15 फरवरी 2025 को अपना आइकॉनिक दिवस मनाया, जो रंगित पावर स्टेशन के वाणिज्यिक संचालन के शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन को रंगित पावर स्टेशन के रजत जयंती समारोह के रूप में भी मनाया जाता है।




## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



रंगित पावर स्टेशन ने 8 मार्च को रंगित पावर स्टेशन में सभी महिला कार्मिकों और अन्य महिला श्रमिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया और एनएचपीसी के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान व महिलाओं की शक्ति, साहस और प्रतिभा को सराहा गया।

## जिला कलेक्टर, नामची के साथ सी.एस.आर.और एस. डी. समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर



रंगित पावर स्टेशन ने विभिन्न सी. एस. आर. परियोजनाओं को शुरू करने के लिए जिला कलेक्टर, नामची के साथ विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये।




रंगित पावर स्टेशन ने विभिन्न सी. एस. आर. परियोजनाओं को शुरू करने के लिए जिला कलेक्टर, नामची के साथ विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये।

# 2880 मेगावाट, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना



श्री चौना मेंन, माननीय उपमुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश ने 11.01.2025 को एनएचपीसी 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देश्यीय परियोजना का दौरा किया।

श्री तापिर गाओ, माननीय सांसद, अरुणाचल (पूर्व), माननीय विधायक श्री पुइन्यो अपुम, श्री मुचू मिथी, श्री मोपी मिहू, श्री निनॉन्ग एरिंग, श्री चौ जींगनू नामचूम, श्री तालेम तबोह, श्री तापी दारंग, श्री ओनी पनयांग के साथ डीसी, लोअर दिबांग घाटी, एसपी, रोइंग और जिला प्रशासन और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दौरे के दौरान मौजूद थे। माननीय उपमुख्यमंत्री ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बांध स्थल और अन्य निर्माण क्षेत्रों का दौरा किया।

श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी एवं एसजेवीएन ने गणमान्य व्यक्तियों को परियोजना की चल रही निर्माण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि यह परियोजना स्थानीय लोगों के साथ–साथ पूरे राष्ट्र को पर्याप्त लाभ पहुंचाएगी, क्योंकि इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी तथा सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।



मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, उपायुक्त, लोअर दिबांग घाटी जिला, अरुणाचल प्रदेश और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 31.01.2025 को 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया।

दिबंग बहूद्देशीय परियोजना के कार्यपालक निदेशक ने श्री बालो राजा, माननीय मंत्री (भूमि प्रबंधन, नागरिक उड्डयन, भूविज्ञान और खनन), अरुणाचल प्रदेश, श्री मनीष गुप्ता, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, आयुक्त (जलविद्युत), सचिव, भूमि प्रबंधन, अरुणाचल प्रदेश सरकार, मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी / राजमार्ग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, पुलिस महानिदेशक, पीसीसीएफ (वन्यजीव) और मुख्य वार्डन, अरुणाचल प्रदेश सरकार और पीसीसीएफ (एचओएफएफ) और प्रमुख सचिव (ईएंडएफ), अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ 27.01.2025 और 28.01. 2025 को शिष्टाचार बैठकें कीं। बैठकों में परियोजना की प्रगति और विभिन्न अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई।



माननीय मंत्री (भूमि प्रबंधन, नागरिक उड्डयन, भूविज्ञान और खनन), अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ दिनांक 27.01.2025 को बैठक के दौरान



दिनांक 16 जनवरी 2025 को दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (क्डच) के महाप्रबंधक (पर्यावरण) द्वारा श्री मितो रुमी, वन संरक्षक (वन्यजीव), रोइंग एवं नामदाफा टाइगर रिज़र्व के डीएफओ के साथ उनके कार्यालय, रोइंग में बैठक की गई। बैठक में डीएमपी क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण कार्यों की शुरुआत से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

## दीबांग परियोजना से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपायुक्त से बैठक



दिनांक 18 जनवरी 2025 को दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (DMP) के कार्यपालक निदेशक (ED) ने रोइंग स्थित कार्यालय कक्ष में दीबांग घाटी जिले के उपायुक्त श्री पगली सोरा के साथ बैठक की। बैठक में भूमि संबंधित मामलों, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (R&R), न्यायालयीन विषयों, स्थानीय मुद्दों तथा ̂ब्‍ से संबंधित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अनीनी के सर्किल अधिकारी श्री अनमोल सिंह भी उपस्थित रहे।

## सीमांत सड़क संगठन द्वारा सांस्कृतिक मेला का आयोजन



दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (क्डच) के कार्यपालक निदेशक (म्क) को सीमा सड़क संगठन, डवत्ध्‍ द्वारा रोइंग में 19 जनवरी 2025 को आयोजित सांस्कृतिक मेला में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और जातीय विविधताओं का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में राज्य सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए उपायुक्त से शिष्टाचार बैठक




दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (DMP) के कार्यपालक निदेशक (ED) ने 21 जनवरी 2025 को ईस्ट सियांग जिले, पासीघाट के उपायुक्त (DC) के साथ शिष्टाचार बैठक की और सिल्ली रेलवे साइडिंग भूमि और सहायक सड़कों के भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया की शुरुआत के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक ने पासीघाट के उप–उपायुक्त (ADC), पासीघाट के जिला भूमि रिकॉर्ड सर्वे ऑफिसर (DLRSO) और लोक निर्माण विभाग (PWD) के सहायक अभियंता (AE) के साथ रेलवे साइडिंग के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया।

## वन संरक्षक (DFO), दीबांग वन प्रमंडल द्वारा दायां तट परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण



22 जनवरी 2025 को दीबांग वन प्रमंडल, रोइंग के वन संरक्षक (क्थ्व) और उनके रेंज अधिकारियों, रेंजर्स और वन रक्षकों की टीम ने दायां तट परियोजना क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मलबा डालने, परियोजना प्रभावित पेड़ों की कटाई और उत्खनन जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझावों और दृष्टिकोणों का आदान–प्रदान किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited





श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजना/तकनीकी) ने श्री सुप्रकाश अधिकारी, ईडी (ओएंडएम), श्री संदीप मित्तल, ईडी (पीएमएसजी) और निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 02.02.2025 से

## हरित पहल के तहत दीबांग परियोजना ने ठोस घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की शुरुआत की




श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजना/तकनीकी) ने श्री सुप्रकाश अधिकारी, ईडी (ओएंडएम), श्री संदीप मित्तल, ईडी (पीएमएसजी) और निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 02.02.2025 से 04.02.2025 तक परियोजना का दौरा किया। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने 03.02.2025 को परियोजना स्थल का निरीक्षण किया गया। कार्यपालक निदेशक, दिबांग बहूद्देशीय परियोजना ने निदेशक (परियोजना/तकनीकी) को परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परियोजना में चल रहे कार्यों पर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।



दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना द्वारा हरित पहल (Green Initiative) के अंतर्गत निर्माण स्थलों, श्रमिक शिविरों आदि से उत्पन्न होने वाले घरेलू ठोस कचरे के संग्रहण, छंटाई और निपटान की व्यवस्था स्थापित करने हेतु उपयुक्त उपायों के लिए उपायुक्त, लोअर दिबांग घाटी (DC, LDV) से संपर्क किया। उपायुक्त, लोअर दिबांग घाटी के मार्गदर्शन और सहयोग से यह पहल 28 फरवरी 2025 को नगर विकास विभाग, रोइंग द्वारा "ग्रीन रोइंग टू एन एआई ग्रीन फाउंडेशन" नामक रोइंग स्थित एक गैर–सरकारी संगठन (NGO) के सहयोग से "स्वच्छ भविष्य के लिए सतत समाधान!" (Sustainable Solutions for a Cleaner Future!) के बैनर तले प्रारंभ की गई।

## दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना ने अनीनी जिला अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन भेंट की




2880 मेगावाट दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना, रोइंग, अरुणाचल प्रदेश ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) योजना के तहत दीबांग घाटी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

उठाया है। परियोजना द्वारा 4 फरवरी 2025 को अनीनी स्थित सरकारी जिला अस्पताल को रुपए 23.00 लाख मूल्य की एक उन्नत अल्ट्रासाउंड मशीन भेंट की गई। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्र में जांच सुविधाओं को मजबूत करना और स्थानीय जनता को आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं सुलभ कराना है।

## CSR के तहत दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना द्वारा जिला इंडोर स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग की स्थापना




2880 मेगावाट की दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत निचली दिबांग घाटी जिले के रोइंग स्थित जिला बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम में एक बॉक्सिंग रिंग की स्थापना की है। इस बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन रोइंग के माननीय विधायक श्री मचु मिथी द्वारा निचली दिबांग घाटी के उपायुक्त की उपस्थिति में किया गया।

## ईडी (दीबांग परियोजना) की पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव के साथ बैठक



दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (DMP) के कार्यपालक निदेशक (ED) ने दिनांक 07 फरवरी 2025 को रोइंग प्रवास के दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक (PCCF एवं HoFF) सह प्रमुख सचिव (पर्यावरण एवं वन), अरुणाचल प्रदेश सरकार (GoAP) के साथ बैठक की। इस बैठक में सीसीएफ, तेजू, डीएफओ (टेरिटोरियल) तथा डीएफओ (वाइल्डलाइफ) भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पर्यावरण, वनों तथा वन्यजीवों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।








## डीएफओ द्वारा दीबांग परियोजना स्थल का निरीक्षण

28 फरवरी 2025 को दीबांग वन प्रमंडल के वन संरक्षक (DFO) ने अपने रेंज अधिकारियों, वन अधिकारियों आदि की टीम के साथ दीबांग बहुद्देश्यीय परियोजना (DMP) में वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएफओ द्वारा परियोजना क्षेत्र में विचलित वन भूमि की परिधि पर RCC पिलर लगाने, पेड़ों की कटाई सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई।




@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# विदाई

## जनवरी 2025

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | | |
| विवेक रंजन श्रीवास्तव | कार्यकारी निदेशक | आरई एंड जीएच, अहमदाबाद |
| उदय शंकर साही | कार्यकारी निदेशक | कारपोरेट संचार विभाग, नि. मु. |
| लुकास गुरिया | कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) | मानव संसाधन विभाग, नि. म. |
| राजीव कुमार जेरथ | समूह महाप्रबंधक (सिविल) | अनुसंधान एवं विकास विभाग, नि. म. |
| इंद्रजीत नाथ | महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | सुबानसिरी लोअर एचईपी |
| प्रिया रंजन | महाप्रबंधक (मानव संसाधन) | मानव संसाधन विभाग, नि. म. |
| प्रवेश कुमार | महाप्रबंधक (मानव संसाधन) | तीस्ता-V पावर स्टेशन |
| उषा कुमारी पीपी | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (अस्पताल) ग्रेड-II | चिकित्सा सेवाएं विभाग, नि. म. |
| सुखदेव सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | लागत इंजी. विभाग, नि. म. |
| ज्ञान चंद | हेल्पर स्पेशल जीआर. | सलाल पावर स्टेशन |
| संध्या देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| नरेश कुमार | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| सुदामा पार्षद | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | टनकपुर पावर स्टेशन |
| बिमला देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| छोटे लाल | बेलदार स्पेशल ग्रेड | टनकपुर पावर स्टेशन |
| जगदीश प्रकाश | पर्यवेक्षक (हेम ऑपरेटर) जी.आर.आई. | टनकपुर पावर स्टेशन |
| चंखा राम | वेल्डर ग्रेड-II | सेवा-II पावर स्टेशन |
| सुनील कुमार सिंह | सहायक प्रबंधक(मैकेनिकल) | क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी |
| गोपाल दत्त भट्ट | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-II | इंजीनियरिंग भूविज्ञान विभाग, नि. म. |
| जे.सी. पंत | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (कानून) | विधि प्रभाग विभाग, नि. म. |
| कविन्द्र कुमार भारती | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | सम्पदा प्रबंधन सेवाएँ विभाग, नि. म. |
| शादी लाल | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| बिशन दास | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | सेवा-II पावर स्टेशन |
| राज कुमार | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | सलाल पावर स्टेशन |
| चंदू लाल | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-II | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| रोशन लाल | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | दुलहस्ती पावर स्टेशन |


## फरवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | | |
| संजीव कुमार यादव | कार्यकारी निदेशक | निदेशक (परियोजना) अनुभाग. |
| बलिन्दर सिंह बिंद्रा | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | डिजाइन(ई एंड एम) विभाग, नि. म. |
| कविता चंढियोक | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | वित्त विभाग, नि. म. |
| कमला फर्त्याल | समूह महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | चिकित्सा सेवाएं विभाग, नि. म. |
| दर्शना देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| जय सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | सावलकोट एचईपी |
| अनीता अरोड़ा | एसआर.पीआरटी ग्रेड स्पेशल | पार्वती-II एचईपी |
| ओम प्रकाश | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | दुलहस्ती पीएस |
| रणजीत सिंह | हेल्पर स्पेशल जीआर. | सलाल पावर स्टेशन |
| मदन कुमार | सर्वेक्षण अधिकारी | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| ज्ञान चंद | हेल्पर स्पेशल जीआर. | सीवीपीपीपीएल–पाकलडुल एचईपी |
| तिलक राज | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पावर स्टेशन |
| पूरन सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| रतन लाल | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| शंकर सिंह | पर्यवेक्षक (रसोइया) ग्रेड-II | संपर्क कार्यालय, हल्द्वानी |
| नंदा बल्लभ पांडे | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| कुंजन वर्मा | पर्यवेक्षक (स्टाफ नर्स) ग्रेड-I | रंगित पावर स्टेशन. |
| योग राज | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| संतोष कुमार | ग्रुप सीनियर डीसीएमओ | सलाल पावर स्टेशन |
| विजय सिंह | पर्यवेक्षक (फिटर) ग्रेड-III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| जीएच मोहम्मद शागू | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | उड़ी-I पावर स्टेशन |

# विदाई

## मार्च 2025

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | | |
| के जया राम | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| इंदर सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पावर स्टेशन |
| दया राम | उप महाप्रबंधक (विधि) | विधि विभाग, नि. मु. |
| दिल बहादुर घाले | पर्यवेक्षक (रसोइया) ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत |
| रशपाल सिंह | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| के राउत | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | संपर्क कार्यालय, कोलकाता |
| इरशाद अहमद | पर्यवेक्षक (विद्युत) जी.आर.आई. | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| रमेश कुमार | सहायक प्रबंधक(प्रशासन) | क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत |
| प्रेम राज | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत |
| भावना नारियाल | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पावर स्टेशन |
| रणबीर सिंह | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | चमेरा-III पावर स्टेशन |
| राकेश कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत |
| दुली चंद गुप्ता | सहायक प्रबंधक (सिविल) | डिजाइन (सिविल) |
| सनावर खान | पर्यवेक्षक (फिटर) ग्रेड-II | रंगित पावर स्टेशन |
| गीता जोशी | पर्यवेक्षक (ड्रेसर) ग्रेड-III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| निर्मल कुमार | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | निदेशक (कार्मिक) सचिवालय, नि. मु. |
| उर्मिला देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| विजय कुमार | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-II | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| नवीन चंद्र जोशी | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (अस्पताल) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| जोगिंदर लाल | हेल्पर स्पेशल जीआर. | क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ |



800 मेगावाट पार्बती-II जलविद्युत परियोजना, हिमाचल प्रदेश – मशीन हॉल

एक नवरत्न कंपनी

# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003

सीआईएन: L40101HR1975GOI032564

वेबसाइट : www.nhpcindia.com